NBT
नवभारत टाइम्स
Hindi

सावधान! राजस्थान में किसानों के साथ बड़ी धोखाधड़ी का पर्दाफाश, कोटा स्टोन और कोयले की राख से बन रही थी नकली खाद

Sambrat Chaturvedi | Lipi Updated: 16 Nov 2021, 9:54 am

Subscribe YouTube 4M
26

Rajasthan News: झालावाड़ में पुलिस (jhalawar) ने नकली खाद का के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नकली खाद फैक्ट्री में कोटा स्टोन ...

राजस्थान प्रदेश में किसानों के साथ बड़ा धोखा हो रहा है। प्रदेश में पत्थर के कोयले की फ्लाईएश (राख) और कोटा स्टोन की अपशिष्ट सलेरी से नकली खाद बनाया जा रहा है। ऐसी ही एक फैक्ट्री को झालावाड़ जिला पुलिस ने पकड़ा है। नकली खाद की फैक्ट्री झालावाड़ जिले भवानीमंडी उपखंड के मिश्रौली थाना क्षेत्र में चल रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकली खाद बनाने का भंडाफोड़ किया। 5 लोग गिरफ्तार किये।

इस कार्रवाई में पुलिस ने 1201 नकली खाद के भरे कट्टे, 500 टन फ्लाईऐश और कोटा स्टोन की सलेरी, तीन ट्रक और जेसीबी जब्त की हैं। शिवपुरी कार्रवाई झालावाड़ जिला कृषि विभाग और झालावाड़ जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से की है।

झालावाड़ जिला पुलिस ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के नेतृत्व में की गई। नकली खाद को मार्केट के जरिए क्षेत्र के किसानों में खपाया जा रहा था। इस गोरखधंधे को चलाने वाले लोग किसानों से मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इन दिनों रबी सीजन की फसलों की बुवाई तेजी से चल रही है। ऐसे में किसानों को आसानी से खाद पहुंचाकर उनसे बड़ा धोखा नकली खाद माफिया कर रहे थे।

पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया कि जिले में नकली खाद बनाने की फैक्टी पकड़ी गई है। मुखबीर सूचना मिली थी कि झालावाड़ जिले के देवरिया में नकली खाद बनाने की फैक्ट्री चलाई जाने का अंदेशा है। पुलिस सालासर फलाइएस केमिकल प्राईवेट लिमिडेट कम्पनी पर पहुंची। जहां पर खाद बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। जिस पर कृषि अधिकारी राजेश विजय, सहायक निदेशक कृषि विस्तार भवानीमण्डी पहुंचे। जहां पर जांच करने पर रॉक सल्फेट और सल्फेरिक एसिड नहीं पाया गया।कोटा स्टोन की सलेरी एव फलाईएस काफी मात्रा में पड़ा हुआ मिला। मौके पर फैक्टी के अन्दर एक मशीन से मिक्शर बिना किसी प्रोसेसिंग के बैग में भरकर मशीन से पैकिंग की जा रही थी।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/rajasthan/others/fake-fertilizer-racket-busted-in-kota-five-arrested/articleshow/87729244.cms